बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना- 800 001
(पंजीयन सं०-633/2003)
E-mail : basa_bihar@yahoo.com

पत्रांक :.....23.....   दिनांक.....10/x/11.....

अध्यक्ष (का०)
* शम्भु नाथ मिश्र
(M) 9431619672
(R) 0612-2288139
(O) 0612-2217696

+++

उपाध्यक्ष
* मो० एखलाक अहमद
(M) 9934280177

+++

महासचिव
सुशील कुमार
(M) 9431091417
(R) 0612-2271428

+++

संयुक्त सचिव
* राजयनन्द बडियार
(M) 9431093157

* अनिल कुमार
(M) 9431409463

+++

कोषाध्यक्ष
चन्द्र शेखर सिंह
(M) 9334131351

+++

संयुक्त कोषाध्यक्ष
सोमेश बहादुर माथुर
(M) 9431407901

सेवा में,

मुख्य सचिव,
बिहार।

विषय :- सीतामढ़ी जिला के माननीय सांसद श्री अर्जुन राय द्वारा बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी श्री सुनील कुमार झा, जिला नजारत उप समाहर्त्ता, सीतामढ़ी को धमकी देने एवं उनके साथ अमर्यादित व्यवहार करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक संदर्भ में बिहार प्रशासनिक सेवा संघ, जिला ईकाई, सीतामढ़ी से प्राप्त दिनांक 04.10.11 के बैठक की कार्यवाही की प्रति संलग्न करते हुए कहना है कि माननीय सांसद महोदय द्वारा जिला अतिथि गृह, सीतामढ़ी में मनपशन्द कमरा आवंटित नहीं होने के कारण श्री झा को बर्वाद कर देने की धमकी देने एवं उनके साथ अमर्यादित व्यवहार करने की घटना पर संघ की जिला ईकाई द्वारा माननीय सांसद के सभी कार्यक्रमों को बहिष्कार करने का दुखद: निर्णय लिया गया है।

जिला ईकाई सीतामढ़ी द्वारा लिऐ गये निर्णय को बिहार प्रशासनिक सेवा संग पूर्ण समर्थन करती है, साथ ही राज्य सरकार से मांग करती है की बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों का मनोबल बनाये रखने हेतु माननीय सांसद के विरूद्ध यथोचित कार्रवाई की जाय।

जिला अतिथि गृह में कमरा आवंटित करने का दायित्व सामन्यत: जिला पदाधिकारी, जिला नजारत उप समहार्त्ता को सौप देते है। जिला नजारत उप समहार्त्ता कमरा की उपलब्धता के अनुसार अतिथियों को कमरा आवंटित करते हैं। सामान्य रूप में माननीय सांसद एवं माननीय विधायकगण को मनपंसद कमरा नहीं मिलने पर जिला नजारत उप समहार्त्ता के प्रति क्षोभ व्यक्त किया जाता है एवं इसी क्रम में मर्यादा का उलघंन होता है।

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ सरकार से यह मांग करती है की सभी जिला पदाधिकारी को निर्देशित किया जाय की माननीय मंत्री, माननीय सांसद एवं माननीय विधायकगणों को जिला पदाधिकारी अपने हस्ताक्षर से कमरा आवंटित करें, ताकि माननीय अतिथियों को कोई परेशानी न हो एवं बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारीगण उनके कोपभाजन न बने।

विश्वासभाजन
सुशील 10/x/11
(सुशील कुमार)
महासचिव

ज्ञापांक- 23   पटना, दिनांक- 10-10-11

प्रतिलिपि-सचिव, जिला इकाई, बिहार प्रशासनिक सेवा संघ, सीतामढ़ी को सूचनार्थ प्रेषित।

सुशील 10/x/11
महासचिव